an>

Title: Need to impress upon Government of Uttar Pradesh to provide irrigation facilities to farmers in Nanauta block in Saharanpur disrict of the state.

श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर) ः मैं सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के जनपद सहारनपुर में नानोता विकास खण्ड क्षेत्र के दर्जनों गांवों के किसानों के समक्ष आ रही सिंचाई की समस्या की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ।

जनपद सहारनपुर में पूर्वी यमुना नगर से निकल कर एक रजवाहा नानोता विकास खण्ड के बालू माजरा, उमरी मजबता, जड़ौदा पांडा, किशनपुर, शेरपुर, जयापुर, नया गांव, सिसौनी, मौरा आदि दर्जनों गांवों में जाता है किन्तु इस रजवाहे का एक बूंद पानी भी इन गांवों तक नहीं पहुंचता है जिस कारण इस क्षेत्र के हज़ारों किसानों की कृषि भूमि सिंचाई से वंचित रह जाती है।

इस ज्वलन्त समस्या के समाधान के लिए समस्त प्रभावित किसान पिछले कई वर्षों से प्रयत्नशील हैं। उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग में विभिन्न स्तर पर और उत्तर प्रदेश सरकार में भी विभिन्न स्तर पर निरन्तर आग्रह किया जाता रहा है लेकिन अफसोस की बात है कि इन किसानों की पीड़ा को सुना नहीं गया और पूरी तरह से नाउम्मीद हो चुके इन किसानों ने अभी हाल ही में हुए सम्बन्धित विधानसभा देवबंद के उप चुनाव में मतदान का बहिष्कार करके अपने रोष का इजहार किया।

अतः, मैं सरकार से मांग करता हूँ कि केंद्र सरकार उत्तर प्रदेश की सरकार को निर्देशित करे कि इन हज़ारों किसानों की पीड़ा को सुनते हुए प्रदेश सरकार अपने सिंचाई विभाग को उपरोक्त रजवाहे में सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी की मात्रा सुनिश्चित करने का प्रबंध करे।